किसानों के चेहरे की मुस्कान असली दीपावली

सीएम ने समत्व भवन से किसानों को राहत राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा है.बाढ़ हो, आपदा हो, ओलावृष्टि हो या कीट प्रकोप हो, किसान भाई हर विपदा से लड़ते और जूझते हैं.

किसान पर कोई भी विपदा या आपदा आए सरकार संकट की हर घड़ी में साथी बनकर किसानों के साथ खड़ी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से कहा कि आप अकेले नहीं हैं, पूरा परिवार बनकर हम आपके साथ हैं. आपकी खुशी में ही प्रदेश की खुशी है. उन्होंने कहा कि हर प्रकार की आपदा और कीट प्रकोप से फसलों को हुई क्षति की राहत राशि किसानों को दी जाएगी. ये राहत राशि किसानों को बड़ा संबल देगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब तक आखिरी पीड़ित किसान को सहायता राशि नहीं मिल जाती, हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी. उन्होंने कहा कि किसानों के चेहरों की मुस्कान ही हमारी असली दीपावली जैसी है. किसानों की

मेहनत और जज्बा फिर से उनके खेतों को जीवन और समृद्धि से भर देगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में किसानों को प्राकृतिक आपदा और कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति की राहत राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में बीते माहों में हुई अतिवृष्टि-बाढ़ और सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए फसल नुकसान के लिए 13 प्रभावित जिलों के 8 लाख 84 हजार 772 किसानों को 653.34 करोड़ की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की.

श्रीराम पथ गमन से पहले परिक्रमा पथ तैयार करें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दिए निर्देश

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों और श्रद्धालुओं का सारा फोकस चित्रकूट पर है. श्रीराम पथ गमन और श्रीराम राजा लोक के निर्माण कार्य भव्यता के साथ किये जाएं. साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को प्राथमिकता में रखें. सभी विभाग आपसी समन्वय और तालमेल के साथ प्रभावी कार्यवाही करें. समयबद्ध योजना के अनुसार आवंटित राशि का समुचित उपयोग करें और प्रबंधन कर सभी निर्माणाधीन कार्य समय-सीमा में पूरे करें. मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम पथ गमन निर्माण से पहले परिक्रमा पथ तैयार किया जाए, इससे देश-विदेश के पर्यटकों के बीच चित्रकूट का व्यापक प्रचार होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में श्रीराम पथ गमन कार्य योजना की समीक्षा की.

6 शहरों के लिए नई उड़ानें

नवी मुंबई और गोवा भी होंगे शामिल

इंदौर, 3 अक्टूबर. विंटर शेड्यूल (26 अक्टूबर से 28 मार्च) के दौरान इंदौर एयरपोर्ट से यात्रियों को नई उड़ान सेवाओं की सौगात मिलेगी. इस बार इंदौर से छह शहरों के लिए उड़ानें शुरू होने जा रही हैं. इसमें नवी मुंबई, गोवा और रीवा जैसी नई कनेक्टिविटी शामिल होगी.

8 अक्टूबर के बाद से इंदौर से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सीधी उड़ानें शुरू होंगी. नए एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन भी होगा. इससे यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट लेने में आसानी होगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस 26 अक्टूबर से इंदौर-गोवा के बीच नई उड़ान शुरू करेगा. फिलहाल इस रूट पर इंडिगो की एक सेवा पहले से संचालित है.

पहली बार रीवा से जुड़ाव

इंदौर से पहली बार रीवा के लिए सीधी उड़ान शुरू होगी. इसके अलावा नासिक, जम्मू और उदयपुर की बंद हो चुकी उड़ानों को भी दोबारा शुरू करने की योजना है. एयरलाइंस कंपनियों को नवी मुंबई और रीवा रूट के लिए अनुमति मिल चुकी है. जोधपुर, उदयपुर, जम्मू और नासिक के लिए उड़ानों की घोषणा हो चुकी है और बुकिंग भी शुरू कर दी गई है. वहीं, नवी मुंबई और रीवा के लिए बुकिंग प्रक्रिया जल्द शुरू होगी.

एक नजर में

लव जिहाद थीम पंडाल की जांच शुरू

जबलपुर. लव जिहाद की थीम पर बनाए गए दुर्गा पंडाल को लेकर विवाद खड़ा हो गया. सोशल मीडिया पर एक युवक अरबाज ने पंडाल पर अभद्र टिप्पणी और गाली दी, जिससे आयोजकों और स्थानीय हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया. पंडाल में लड़कियों को लव जिहाद से बचाने और बुर्का पहनने से रोकने के संदेश लगाए गए थे. इसके अलावा सत्य घटनाओं पर आधारित हिंसक दृश्य भी प्रस्तुत किए गए. आयोजकों और मंडल की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है.

दामाद ने जलाई सास की गाड़ी, मामला दर्ज

ग्वालियर. मध्यप्रदेश में ग्वालियर जिले के झांसी रोड थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी को ससुराल भेजने से नाराज दामाद ने अपनी सास की स्कूटी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी दामाद के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र स्थित आदिवासी मोहल्ला गली नंबर पांच निवासी जानकी आदिवासी पत्नी अमर सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी बेटी पूजा की शादी हरिशंकर पुरम निवासी रवि आदिवासी से हुई थी. शादी के कुछ माह बाद ही रवि ने पत्नी से मारपीट शुरू कर दी.

पांच दिन की रिमांड पर आरोपी माता-पिता

मुरैना. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में चर्चित किशोरी दिव्या ऑनर किलिंग मामले में पुलिस ने मृतका के माता-पिता को घटना के दस दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है. दोनों को कल न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 सितंबर की रात बंटी सिकरवार ने अपनी नाबालिग बेटी दिव्या की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस हत्याकांड में उसकी पत्नी गुड़िया पर साक्ष्य मिटाने का आरोप है. पुलिस ने मुख्य आरोपी बंटी सिकरवार और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए रिमांड मंजूर की गई.

आपका राशन-आपका अधिकार कार्यक्रम प्रारंभ

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 अक्टूबर. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शामिल पात्र हितग्राहियों की सुविधा, राशन सामग्री के प्रति जागरूक करने तथा राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरुकता कार्यक्रम आपका राशन-आपका अधिकार प्रारंभ किया गया है.

100 वाहनों से उचित मूल्य दुकानों को खाद्यान्न डिस्पेच होगा

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यक्रम का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 5.28 करोड़ पात्र हितग्राहियों को उनकी राशन सामग्री की मासिक हकदारी के प्रति जागरूक करना है. अन्त्योदय परिवार को 35 किलो प्रति परिवार एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवार को 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न नि:शुल्क के साथ 1 किलोग्राम नमक 1 रूपये प्रति किलो की दर से और अन्त्योदय परिवारों को 1 किलोग्राम शक्कर 20 रूपये प्रति किलो की दर से वितरण किया जा रहा है. अधिनियम के तहत 130 लाख परिवारों के एक सदस्य का मोबाईल नंबर डाटाबेस में दर्ज है. इन परिवारों को प्रतिमाह विकासखण्ड स्तरीय 308 प्रदाय केंद्र से मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत 100 वाहनों से उचित मूल्य दुकानों को खाद्यान्न डिस्पेच होगा, उसी समय संबंधित उचित मूल्य दुकानों से पंजीबद्ध उपभोक्ताओं को राशन निकलने का सिस्टम जनरेटेड मेसेज रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जाएगा.

सागर में गुटबाजी पर संग्राम, गोविंद राजपूत का भूपेंद्र सिंह पर तंज

सागर. बीजेपी में गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आई. दशहरा उत्सव के मंच से मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर बिना नाम लिए तंज कसा. उन्होंने कहा कि जो लोग दस साल विधायक रहे और एक पुलिया तक नहीं बनवा पाए, वे अब हमारे राजा का अपमान कर रहे हैं. राजा जयसिंह की प्रतिमा आपका गोविंद सिंह ही बनवाएगा. मामला हाल ही में जैसीनगर का नाम बदलकर जय शिव नगर करने की मांग से जुड़ा है, जिसका दांगी समाज और कांग्रेस ने विरोध किया था. भूपेंद्र सिंह भी दांगी समाज से आते हैं और विरोध को उन्हीं से जोड़कर देखा जा रहा है.

बिजली कार्मिकों को मिलेगा कैशलेस उपचार

जबलपुर में ब्लॉक क्रमांक 9 में एक हेल्प डेस्क आरंभ

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 अक्टूबर.मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों में कार्यरत अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना एम पी पी सीएचएस के क्रियान्वयन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया है.

देश भर के सभी अस्पतालों से योजना के नियम, शर्तों व दरों पर बातचीत की जाएगी जो अस्पताल योजना की शर्तों व दरों पर सहमत होंगे उन्हें अनुबंधित किया जाएगा. इस प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लग

जो अस्पताल शर्तों पर सहमत होंगे, उन्हें अनुबंधित करेंगे

प्रक्रिया में लगभग एक माह का लगेगा समय

सकता है जैसे ही ये प्रक्रिया पूर्ण होगी कंपनी की कैशलेस योजना की सेवाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी. इस योजना का लाभ प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके आश्रितों को भी मिलेगा. इनकी संख्या लगभग 1 लाख 82 हजार है. उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों के लिए पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिये एजेंसी का चयन करने की जिम्मेदारी दी गई है. विद्युत कार्मिक एवं पेंशनर मासिक अंशदान देकर इस योजना में शामिल हो सकते हैं. इस योजना में मात्र रुपए 500 प्रतिमाह में 5 लाख, 1000 प्रतिमाह में 10 लाख एवं रुपए 2000 प्रतिमाह में 25 लाख तक का कैशलेश इलाज का लाभ प्राप्त कर सकेंगे. कुछ अस्पतालों में को-पे की व्यवस्था भी रहेगी. इस योजना को सुगम बनाने के लिये शक्तिभवन जबलपुर में ब्लॉक क्रमांक 9 में एक हेल्प डेस्क आरंभ की गई है.

खंडवा हादसे पर पटवारी ने जताया गहरा शोक

पीड़ित परिवारों को राहत की मांग

विशेष संवाददाता

भोपाल,03 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ के जामली गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई भीषण दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है.

पटवारी ने जिला प्रशासन से भी पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. यह त्रासदी एक सबक है कि भविष्य में धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा इंतजाम मजबूत किए जाएं ताकि निर्दोष जिंदगियां असमय न जाएं.

इस हृदयविदारक हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली अर्दला डैम में पलट जाने से 11 मासूम बच्चों की मौत हो गई. पटवारी आज ग्राम राजगढ़ पहुंचे और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया. उन्होंने कहा कि इन मासूम बच्चों की खुशियों से भरी जिंदगी का अचानक यूं खत्म हो जाना बेहद दर्दनाक और असहनीय है. हमारी संवेदनाएं आपके साथ हैं. ईश्वर से प्रार्थना है कि वह इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दे, उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा.

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से मृतक परिवारों को तुरंत आर्थिक सहायता देने, घायलों के नि:शुल्क व समुचित इलाज की व्यवस्था करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की.

घर में घुसी बस ने ली मासूम की जान, 1 गंभीर

नरसिंहपुर. समीपस्थ ग्राम श्रीनगर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया. तेज रफ्तार व अनियंत्रित बस घर में घुस गई, जिससे घर के बाहर खेल रही दो मासूम बच्चियां इसकी चपेट में आ गईं. हादसे में भाग्यश्री मेहरा उम्र 4 वर्ष पिता महेन्द्र कुमार मेहरा की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसकी चचेरी बहन मानबी मेहरा उम्र 3 वर्ष पिता रामजी मेहरा गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल बच्ची का उपचार जारी है. घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया. मृतक बच्ची के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की.

इंदौर में बच्चों की मौत पर कांग्रेस ने साधा निशाना

विशेष संवाददाता

भोपाल,03 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव पर आरोप लगाया कि उन्होंने इंदौर अस्पताल में बच्चों की मौत के मामले में लापरवाह अधिकारियों को बचाने का काम किया है.

नायक ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री ने जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने के बजाय उन्हें क्लीन चिट दे दी. उन्होंने छिंदवाड़ा की हालिया घटना पर भी गंभीर सवाल उठाए, जहां आठ बच्चों की मौत कथित रूप से दूषित कफ सिरप पीने से हुई थी. नायक ने सरकार से पूछा कि आखिर इस मामले में संबंधित कंपनी और अधिकारियों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई. नायक ने कहा, मासूम बच्चों की जान दांव पर लगी है, लेकिन भाजपा सरकार दोषियों को बचाने में ज्यादा व्यस्त है.

आरएसएस को 'तिरंगा' स्वीकार क्यों नहीं? : सिंघार

कांग्रेस विधायक ने किया बड़ा सवाल

भोपाल,03 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार ने 100 का स्मृति सिक्का जारी किया है. कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार ने इस सिक्के को लेकर बड़ा सवाल उठाया है.

उनका कहना है कि सिक्के पर भारत माता के हाथ में तिरंगा नहीं, बल्कि आरएसएस का ध्वज दिखाया गया है. उन्होंने पूछा ये कौनसी राष्ट्रभक्ति है? सिंघार ने आरोप लगाया कि आरएसएस का इतिहास तिरंगे को नकारने से जुड़ा रहा है. उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद 1947 से लेकर 2002 तक यानी पूरे 52 साल तक नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया गया. यहाँ तक कि 2001 में जब कुछ कार्यकर्ताओं ने तिरंगा फहराने की कोशिश की, तो उसका विरोध किया गया था. कांग्रेस विधायक ने कहा कि केवल 2002 में फ्लैग कोड में बदलाव के बाद संघ ने तिरंगा फहराना शुरू किया.उन्होंने कटाक्ष किया – और क्या प्रमाण चाहिए कि बीजेपी और आरएसएस के लिए राष्ट्रप्रेम सिर्फ सत्ता है, न कि सम्मान. सिंघार के इन आरोपों ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है.

भ्रष्टाचार की जांच के लिए गुना पहुंचे सेवानिवृत इंजीनियर

सभी टेंडर फिलहाल स्थगित, मौके पर जाकर की जांच

गुना,03 अक्टूबर. शहर में पिछले तीन वर्षों में नगर पालिका द्वारा किए गए विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए भोपाल से सेवानिवृत इंजीनियर मेजर टीपीएस रावत शुक्रवार को गुना पहुंचे.

जांच की पहल नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ द्वारा मध्यप्रदेश नगरीय निकाय संचालनालय को पत्र लिखकर की गई शिकायत के बाद की गई. शेखर ने आरोप लगाया कि हनुमान कालोनी, कैंट क्षेत्र और भगत सिंह कालोनी सहित कई वार्डों में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की आशंका है और जांच कर

उचित कार्रवाई की जानी चाहिए. शुक्रवार को इंजीनियर रावत ने सबसे पहले हनुमान कालोनी का निरीक्षण किया, जहां कुछ माह पहले सडक़ और अन्य निर्माण कार्य हुए थे. उन्होंने निर्माण स्थलों पर जाकर मटेरियल की सेपलिंग की और नपा के इंजीनियरों व ठेकेदारों से कई सवाल किए. अधिकांश सवालों के जवाब मौके पर नहीं मिल सके, जिससे अधिकारी सिर्फ खड़े नजर आए. इसके बाद रावत कैंट पटेल नगर में छह माह पहले डाली गई सडक़ का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां शिकायत मिली कि सडक़ कुछ ही समय में उखड़ गई.

इस दौरान ठेकेदार से भी सवाल किए गए, लेकिन वे कई प्रश्नों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके. जांच के क्रम में इंजीनियर ने सडक़ निर्माण के लिए उपयोग की गई सामग्रियों की गुणवत्ता औरबीच मध्यप्रदेश नगरीय निकाय संचालनालय ने राज्य के सभी नगरीय निकायों में विकास कार्य फिलहाल रोक दिए हैं.

नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने कहा कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि नगर पालिका के तीन वर्षों के विकास कार्यों में अनियमितताएं कितनी गंभीर हैं। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार की आशंका को गंभीरता से लेते हुए न्याय सुनिश्चित करना आवश्यक है। इंजीनियर रावत की जांच शनिवार को भी शहर के अन्य वार्डों में जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तकनीकी स्वीकृति और गुणवत्ता मानकों के बिना किसी भी विकास कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी.

कार्रवाई | परासिया तहसील में किडनी फेल होने से बच्चों की मौत का मामला

मौत का आंकड़ा पहुंचा 9, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

छिंदवाड़ा,03 अक्टूबर. जिले के परासिया तहसील में किडनी फेल से हो रही बच्चों की मौत के मामले में अब तक मौत का आंकड़ा 9तक पहुंच गया है. वहीं दर्जनों की संख्या में बच्चे छिंदवाड़ा के जिला अस्पताल और नागपुर में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं.

शुक्रवार को परासिया एसडीएम आईएएस अफसर शुभम कुमार यादव ने खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि कोयलांचल में अब तक किडनी फेल मामले में 9 बच्चों की मौत हो चुकी है, वहीं जिला अस्पताल और नागपुर में लगभग एक दर्जन बच्चे इलाजरत है. उन्होंने जन सामान्य से अपील की, वे बच्चों की तबीयत खराब होने पर तुरंत ही प्रशासन को अवगत कराते हुए बच्चों का इलाज किसी झोला छाप डॉक्टर से ना कराते हुए शासकीय चिकित्सालय पहुंच कर बीमार बच्चे का ईलाज कराए. उन्होंने कहा की समाज में इस बीमारी को लेकर चल रहे रही किसी भी अपवाह पर ध्यान नहीं देते हुए बच्चों के बीमार होने पर केवल शासकीय चिकित्सालय में ईलाज कराए जाने की बात कही गई.

कमलनाथ का सरकार पर हमला

छिंदवाड़ा. मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. यहाँ विषाक्त कफ़ सिरप पीने से अब तक सात बच्चों की मौत हो चुकी है. इस हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है. जाँच में सामने आया है कि बच्चों को दी गई इस दवा में ब्रेक ऑयल का सॉल्वेंट मिलाया गया था, जो अत्यंत जहरीला और जानलेवा है. यह तथ्य सामने आने के बाद लोगों में गुस्सा और भय दोनों है. सवाल यह उठ रहा है कि आखिर बच्चों की दवा में इतनी खतरनाक मिलावट कैसे हो गई और इस पर पहले से निगरानी क्यों नहीं रखी गई. इस घटना ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. दवाओं जैसी संवेदनशील चीज़ में ज़हरीली मिलावट होना और उसका लंबे समय तक पकड़ा न जाना गंभीर लापरवाही का उदाहरण है.

एक वयस्क और दो शावकों की मौत

कान्हा टाइगर रिजर्व में मुक्की जोन और कान्हा जोन की घटना

मंडला/बालाघाट,03 अक्टूबर. कान्हा नेशनल पार्क में बाघों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में कान्हा के दो अलग-अलग क्षेत्रों में एक वयस्क बाघ और दो शावकों की मौत हो गई.

इस घटना की जानकारी पार्क में गश्ती कर रहे पार्क प्रबंधन के कर्मचारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद पार्क प्रबंधन ने इन दोनों घटनाओं की पुष्टि की है, जिसके बाद कान्हा पार्क में हड़कंप मच गया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है. जानकारी के अनुसार कान्हा नेशनल पार्क में तीन बाघों की मौत की घटना में पहली घटना कान्हा पार्क के

मुक्की जोन की है, जहां दो नर बाघों के बीच वर्चस्व के लिए खूनी संघर्ष हुआ. इस क्षेत्रीय लड़ाई में एक वयस्क नर बाघ गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई. पार्क प्रबंधन ने बताया कि दूसरी घटना पार्क के कान्हा जोन की है. जहां एक वयस्क नर बाघ ने हमला कर करीब दो माह के दो छोटे शावकों को अपना शिकार बना लिया. कान्हा नेशनल पार्क में इस तरह की घटनाएं बाघों के बीच क्षेत्रीय वर्चस्व के लिए होती है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14